**प्रश्नकर्ता श्री मो० नेहालउद्दीन, माननीय स० वि० स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–17.14.1265 से उदभूत आश्वासन संख्या–427/25 का कार्यान्वयन प्रतिवेदन।**

| तारांकित प्रश्न | सरकारी आश्वासन | कार्यान्वयन प्रतिवेदन |
|---|---|---|
| क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतालाने की कृपा करेंगे कि:–<br>क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत उतरी कोयल दधपी, एरकी कला इत्यादी में सिंचाई हेतु पानी नहीं पहुँचता है, यदि हाँ, तो सरकार उतरी कोयल नहर में विश्रामपुर के पास कब तक फाटक लगाने नहर से आनेवाली प्रखंड मदनपुर में पहुचने वाली नहर के रसलपुर माईनर –2 में फाटक नहीं रहने से मदनपुर प्रखंड के पंचायत घोड़ाडिहरी, मनीका का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों? | उत्तर कोयल दायाँ मुख्य नहर के 75.10 कि० मी० से प्रश्नगत विश्रामपुर, ग्राम के पास रसलपुर माईनर–2 निकलती है। इसकी शीर्ष नियामक काफी पुराना एवं जर्जर स्थिति में है। बिहार भू–भाग अन्तर्गत उत्तर कोयल जलाशय योजना के अवशेष कार्य के कार्यान्वयन के साथ–साथ इसके आधुनिकीकरण के लिए प्रशासननिक एवं व्यय की स्वीकृति दी जा चूकी है। कार्य प्रगति में है एवं प्रश्नगत कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करा लिया जाएगा।<br>महोदय, इसमें उत्तर कोयल योजना के जो बचे हुए कार्य है उसकी योजना हमलोगों ने स्वीकृत कर दी है। उसमें आपका ये जो रसलपुर माईनर–2 में हेड रेगूलेटर और गेट लगाकर सिंचाई सुनिश्चित करने की बात है वह उसमें शामिल है और इसको भी हमलोग अगले वित्तीय वर्ष में निश्चित करा देंगे।. | वस्तु स्थिति यह है कि उत्तर कोयल दायाँ मुख्य नहर के कि0मी0 75.10 (ग्राम–विश्रामपुर) से रसलपुर माईनर–2 निकलती है। इसकी शीर्ष नियामक पुराना एवं जर्जर है।<br>बिहार भु–भाग अन्तर्गत उत्तर कोयल जलाशय योजना के अवशेष कार्य के कार्यान्वयन के साथ–साथ संरचनाओं का मरम्मति एवं निर्माण कार्य विभिन्न पैकेजों के तहत प्रगति में है। विश्रामपुर ग्राम के निकट रसलपुर माईनर–2 के शीर्ष नियामक का निर्माण कार्य पैकेज 07 के तहत किया जाना प्रस्तावित है।<br>वर्तमान में पैकेज–07 के तहत मुख्य नहर का लाईनिंग एवं संरचनाओं का निर्माण कार्य प्रगति में है एवं 10 प्रतिशत तक कार्य को पूर्ण कर लिया गया है। विश्रामपुर ग्राम के निकट रसलपुर माईनर–2 के शीर्ष नियामक का निर्माण कार्य किया जाना शेष है, जिसे खरीफ अवधि–2026 (01 जून 2026 से 31 अक्टूबर 2026) के उपरान्त पूर्ण कर लिया जायेगा। |

(1681)

**बिहार सरकार**
**जल संसाधन विभाग**

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–03–06 / 2025 पटना / दिनांक ..............................................

प्रतिलिपि :– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना के पत्रांक–1687 दिनांक–03.07.2025 के आलोक में तारांकित प्रश्न सं0–17 / 14 / 1265 से उदभूत आश्वासन सं0–427 / 25 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–03–06 / 2025 पटना / दिनांक :..............................................

प्रतिलिपि : उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–03–06 / 2025 पटना / दिनांक :..............................................

प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0 अंचल–03, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–03–06 / 2025 3535 पटना / दिनांक : 25/6/26

प्रतिलिपि : प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/6/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव